**NEWS CLIPPING: 28.08.2019**

## HINDUSTAN




जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) ने 'गो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीन' अभियान शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की ओर से पौधो के साथ ट्री प्रोटेक्टर भी प्रदान किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक छात्रों को न्यूनतम एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही उसे देखभाल के लिए जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि के रुप में प्रो. दिनेश कुमार मौजूद रहे। ● हिन्दुस्तान

## HINDUSTAN

**वाईएमसीए में चुनावी चहलकदमी शुरूःफरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में चुनावी चहलकदमी शुरू हो गई। विद्यार्थियों को जागरूक करने और भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर परिसर में प्रतिनिधी (एंबेसडर) मनोनीत किया गया है। वहीं, निर्वाचन क्लब का गठन किया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के निदेशक संस्कृतिक एवं युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी ने दी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 28.08.2019**

**AMAR UJALA**

न्यूज डायरी

# 'पौधा लगाने के बाद देखभाल भी करें'



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में 'गो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीन' अभियान की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने व पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल के तहत, विद्यार्थियों को पौधे के साथ ट्री प्रोटेक्टर भी प्रदान किये जा रहे हैं, जिससे उन्हें न केवल एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके, बल्कि पेड़ बनने तक पौधे की पूरी देखभाल के लिए जागरूक किया जा सके। विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्री प्रोटेक्टर के साथ पौधे भेंट किए। प्रदान किये गये ट्री प्रोटेक्टर भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रायोजित किए गए हैं। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम तुर्क, डीन अकादमिक डा. विक्रम सिंह, वित्त नियंत्रक डा. मुनीश वशिष्ठ और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के संकाय भारत भूषण, रश्मि चावला, कमलदीप सिंह, सोनम खेरा और गुंजन सरदाना शामिल थे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 28.08.2019**

**PUNJAB KESARI**

# 'केवल पौध न लगाए बल्कि देखभाल भी करें विद्यार्थी'



पौध भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

फरीदाबाद, 27 अगस्त (ब्यूरो): विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने तथा पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढावा देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'गो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीन' अभियान शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल के तहत, विद्यार्थियों को पौधे के साथ ट्री प्रोटेक्टर भी प्रदान किये जा रहे है ताकि उन्हें न केवल एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके, बल्कि पेड बनने तक पौधा की पूरी देखभाल के लिए जागरूक किया जा सके। विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्री प्रोटेक्टर के साथ पौधे भेंट किए। इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति ने कहा कि एक पौधे की उचित देखभाल और अस्तित्व उसके रोपण से अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए, यह उन विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की विभागाध्यक्ष डा. नीलम तुर्क, डीन अकादमिक डा. विक्रम सिंह, वित्त नियंत्रक डा. मुनीश वशिष्ठ और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के संकाय भारत भूषण,रश्मि चावला, मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 28.08.2019**

**AMAR UJALA**

# विश्वविद्यालय में होगा 'फिट इंडिया' का होगा प्रसारण

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए जा रहे फिट इंडिया मूवमेंट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 29 अगस्त को प्रधानमंत्री द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के शुभारंभ के सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय के सभागार में प्रदर्शित किया जाएगा। कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए जा रहे इस कार्यक्रम की जानकारी भरा संदेश प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचना आवश्यक है। इसी कारण सभागार में कार्यक्रम प्रसारण की व्यवस्था की गई है। ब्यूरो

**NAVBHARAT TIMES**

# पौधे व ट्री गार्ड लगाए

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में गो ग्रीन, प्रॉटेक्ट ग्रीन अभियान शुरू किया गया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने छात्रों को पौधों के साथ ट्री गार्ड भी भेंट किए। ये ट्री गार्ड यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके पूर्व छात्रों की तरफ से दिए गए हैं। इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीलम तुर्क, अकादमिक डीन डॉ. विक्रम सिंह, वित्त नियंत्रक डॉ. मुनीश वशिष्ठ, भारत भूषण, रश्मि चावला, कमलदीप सिंह, सोनम खेर, गुंजन सरदाना आदि मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 28.08.2019**

**PUNJAB KESARI.COM**

# पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने तथा पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने ग्रो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीनज् अभियान शुरू किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की गई पहल के तहत, विद्यार्थियों को पौधे के साथ ट्री प्रोटेक्टर भी प्रदान किये जा रहे है ताकि उन्हें न केवल एक पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके, बल्कि पेड़ बनने तक पौधा की पूरी देखभाल के लिए जागरूक किया जा सके। विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्री प्रोटेक्टर के साथ पौधे भेंट किए। प्रदान किये गये ट्री प्रोटेक्टर उन भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा प्रायोजित है जो इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में वर्ष १९८० और १९९० के बीच विद्यार्थी रहे थे। ये विद्यार्थी हाल ही में विश्वविद्यालय में ब्रिज कोर्स में शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय ने पीजी या एडवांस डिप्लोमा छात्रों के लिए एक वर्ष के ब्रिज कोर्स की पेशकश की थी ताकि उन्हें अपनी बीटेक की डिग्री पूरी करने का अवसर मिल सके।

इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति ने कहा कि एक पौधे की उचित देखभाल और अस्तित्व उसके रोपण से अधिक महत्वपूर्ण है, इसलिए, यह उन विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है जिन्हें पौधे वितरित किए गए हैं, कि वे पेड़ के रूप में विकसित होने तक पौधों की देखभाल सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को कम से कम एक पौधा अपनाने और उसकी उचित देखभाल करने का आग्रह किया।

**NEWS CLIPPING: 28.08.2019**

## DAINIK BHASKAR

# स्टूडेंस केवल पौधा न लगाएं उसकी देखभाल भी करें: प्रो. दिनेश कुमार

## 'गो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीन' अभियान की शुरुआत की गई



**फरीदाबाद.** जेसी बोस यूनिवर्सिटी में गो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीन अभियान के तहत स्टूडेंट को बांटे गए पौधे। 28/8/2019. D.J.

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने तथा पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने 'गो ग्रीन, प्रोटेक्ट ग्रीन' अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत विद्यार्थियों को पौधे के साथ ट्री प्रोटेक्टर भी प्रदान किए जा रहे हैं। जिससे उन्हें न केवल पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके, बल्कि पेड़ बनने तक उसकी देखभाल के लिए भी जागरूक किया जा सके। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को ट्री प्रोटेक्टर के साथ पौधे भी भेंट किए। इस दौरान कुलपति ने कहा कि एक पौधे की उचित देखभाल और अस्तित्व उसके रोपण से अधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए यह उन विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है जिन्हें पौधे वितरित किए गए हैं। इसलिए वे पेड़ के रूप में विकसित होने तक पौधों की देखभाल सुनिश्चित करें। कम से कम एक पौधा अपनाने और उसकी उचित देखभाल करने का आग्रह किया। इस मौके पर डा. नीलम तुर्क, डा. विक्रम सिंह, डा. मुनीष वशिष्ठ, भारत भूषण, रश्मि चावला, कमलदीप सिंह, सोनम खेरा, गुंजन सरदाना आदि मौजूद थे।